उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No.: 1128

दिनांक/Date : 22.10.2021

संवाद–171

विषयः– दिनांक 25.10.2021 को उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित टंकण/आशुलेखन परीक्षा देने वाले ऐसे अभ्यर्थी जो लोक सेवा आयोग, उत्तराखण्ड द्वारा मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में सहायक समीक्षा अधिकारी, अनुवादक, टाईपिस्ट एवं असिस्टेंट लाईब्रेरियन की टंकण परीक्षा दे रहें हैं उनके परीक्षा तिथि परिवर्तन के अनुरोध का अवसर।

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप अवगत है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा वि0 सं0–26/UKSSSC/2020 के अंतर्गत विभिन्न विभागों में पदनाम–वैयक्तिक सहायक/आशुलिपिक के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 16 व 17 मार्च, 2021 को ऑनलाइन(CBT) परीक्षा आयोजित की गयी।

उक्त ऑनलाइन परीक्षा के उपरांत टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा हेतु 648 अभ्यर्थियों की औपबंधिक श्रेष्ठता सूची जारी की गयी थी।

वर्तमान में आयोग द्वारा उक्त पदों हेतु टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा का आयोजन दिनांक 25, 26 व 27 अक्टूबर, 2021 को किया जा रहा है।

आयोग को ईमेल व पत्राचार के माध्यम से कुछ अभ्यर्थियों द्वारा अनुरोध किया जा रहा है कि दिनांक 25.10.2021 को ही लोक सेवा आयोग, उत्तराखण्ड द्वारा मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में सहायक समीक्षा अधिकारी, अनुवादक, टाईपिस्ट एवं असिस्टेंट लाईब्रेरियन के पदों हेतु टंकण परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। अतः ऐसे अभ्यर्थी जो लोक सेवा आयोग, उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित टंकण परीक्षा में प्रतिभाग करना चाहते है व आयोग द्वारा आयोजित टंकण व आशुलेखन परीक्षा में भी प्रतिभाग करना चाहते है, को सूचित किया जाता है कि **ऐसे सभी अभ्यर्थी लोक सेवा आयोग, उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 25.10.2021 हेतु जारी परीक्षा प्रवेश पत्र व उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 25.10.2021 हेतु जारी प्रवेश पत्र के साथ दिनांक 26.10.2021 को टंकण व आशुलेखन परीक्षा में प्रतिभाग कर सकते है।**

आयोग की ओर से,

(संतोष बडोनी)
सचिव।